आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 26.05.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मन की बात कार्यक्रम में कहा –देश में पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स बहुत सफल रहे।
- कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल में जीवन समर्थन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
- सातवें राज्य स्तरीय लड़कों के अंडर–17 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज खेला जाएगा।
- द्वीपसमूह में आज और कल के लिए भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मन की बात कार्यक्रम में कहा कि देश में पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स बहुत सफल रहे और इसमें कुल छब्बीस रिकार्ड बने। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का यह पहला आयोजन था। पूरे विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखा और सराहा।

प्रधानमंत्री ने कई स्कूलों में लगाए जा रहे शुगर बोर्ड का भी उल्लेख किया।

<><><><><><><>

कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल में जीवन समर्थन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य सेवा कर्मियों और सहायक कर्मचारियों के बीच आपातकालीन प्रतिक्रिया कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से कार निकोबार में अग्निशमन सेवा विभाग के समन्वय में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हृदय और श्वसन संबंधी आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें सी पी आर, चोकिंग, ऐंठन प्रबंधन को शामिल किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ग्रेस ने जीवन बचाने में समय पर कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. साहिना समीर ने सभी प्रतिभागियों से आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए इस तरह के प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व होमियोपैथी के जी डी एम ओ डॉ. मोहम्मद शफीक ने किया।

<><><><><><><>

भारतीय नौसेना के पोत आई एन एस सुजाता ने कल लाइबेरियाई ध्वज वाले मालवाहक पोत एम एस सी एल सा–3 के चालक दल के तीन सदस्यों को बचाया। यह जलपोत कोच्चि तट के अड़तीस समुद्री मील दक्षिण–पश्चिम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। बचाए गए लोगों में जहाज का कप्तान, चीफ इंजीनियर और सेकंड इंजीनियर शामिल हैं। यह जहाज कोच्चि के रास्ते तिरूअंनतपुरम के निकट विझिंजम बंदरगाह जा रहा था।

<><><><><><><>

जिला प्रशासन, दक्षिण अंडमान ने भूमि राजस्व विनियमों और खान एवं खनिज नियमों का उल्लंघन करके सफेद मूरम के अवैध निष्कर्षण में लिप्त उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। हाल ही में एक क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान, राजस्व अधिकारियों ने लिटिल अंडमान तहसील के अंतर्गत रवींद्र नगर गांव में सफेद मूरम का अनधिकृत निष्कर्षण पाया। परिणामस्वरूप, अवैध निष्कर्षण और सफेद मूरम के डंपिंग के खिलाफ उल्लंघनकर्ताओं पर चौबीस लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उपायुक्त ने अवैध खनन, मिट्टी परिवहन और अनधिकृत डंपिंग में लिप्त सभी अवैध रूप से कार्य करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। सभी उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे भूमि उपयोग, खनन और सामग्री की आवाजाही से संबंधित सभी कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करें। अवैध डंपिंग, खनन, मिट्टी और खनिजों के परिवहन से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना हेल्पलाइन नंबर– 238881, 1070 या व्हाट्सएप नंबर– 9531888844 पर दी जा सकती है।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम में खेले जा रहे सातवें राज्य स्तरीय लड़कों के अंडर–17 फुटबॉल टूर्नामेंट में पहला सेमीफाइनल रंगत और लिटिल अंडमान के बीच हुआ, जिसमें टाईब्रेकर में लिटिल अंडमान ने तीन–एक से जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दूसरा सेमीफाइनल कार निकोबार और ननकौड़ी के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने नियमित और अतिरिक्त समय के दौरान एक–एक गोल किया। अंत में टाईब्रेकर में कार निकोबार ने ननकौड़ी को छः–पांच से हराकर फाइनल में पहुंचा। आज दोपहर तीन बजे फाइनल मैच खेला जाएगा, जिसमें लिटिल अंडमान की टीम कार निकोबार से भिड़ेगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के सभी स्थानों पर कल वर्षा के समाचार प्राप्त हुए हैं। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में इक्कतीस मिलीमीटर, कार निकोबार और लांग आइलैंड में पच्चीस, हटबे में उन्नीस, श्री विजयपुरम में बारह दशमलव पांच, ननकौड़ी में छः और मायाबंदर में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आज और कल द्वीपों के कई स्थानों पर बहुत भारी वर्षा हो सकती है ।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में प्रोबशन ऑफिसर के पद के लिए दावे और आपत्तियां प्राप्त हो गई है। इस पर निर्णय लेते हुए प्रश्न संख्या 4595, 4650 और 4575 को आंकलन प्रक्रिया से रद्द किया गया है, जबकि जांच के दौरान प्रश्न संख्या 4604 और 4733 की उत्तर को संशोधित करने पर विचार किया जाएगा।

<><><><><><><>

आदित्य नाट्य अकादमी ने हाल ही में अपना तीसवां स्थापना दिवस मनाया। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजूलता राव मुख्य अतिथि और कला एवं संस्कृति विभाग की सहायक निदेशक कनक राधा चैटर्जी तथा जे एन आर एम कॉलेज की भूगोल विभाग की प्रवक्ता डॉ. मंजू नायर सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर डॉ. मंजूलता ने अकादमी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डॉ. मंजू नायर ने अपने संबोधन में बंगाल की संस्कृति को द्वीपसमूह की संस्कृति के साथ जोड़ने पर अपनी खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर साहित्यिक पत्रिका सम्यक–दो हजार पच्चीस का भी विमोचन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में यूजी के विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल कल से तीस जून तक खुला रहेगा। विवरणिका और अन्य जानकारी भी पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। कॉलेज में कोई भी आवेदन सीधे स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कॉलेज के प्रवेश अनुभाग से संपर्क किया जा सकता ह।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए स्वदेशी हथियारों का उपयोग कर सटीक हमले करने के लिए भारतीय सैनिकों की सराहना की–द्वीप समाचार और द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर को अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। साथ ही जी बी पंत अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में मॉक ड्रिल आयोजित करने के समाचार को भी अपने अखबार में जगह दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने जहाजरानी सेवा निदेशालय में वाहन फेरी जलयानों में कमी के समाचार को प्रमुखता से छापा है। कच्छाल में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने नेताजी स्टेडियम में खेले जा रहे अंडर–17 फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के समाचार को पेपर के मध्य में जगह दी है।

<><><><><><><>